सीएमपीडीआई के सीएमडी श्री देबनाथ ने रबीन्द्र भवन का उद्घाटन एवं रबीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया

(09.05.2015)

सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ए0के0 देबनाथ ने रबीन्द्र नाथ टैगोर की 154वाँ जन्म-दिवस के अवसर पर आज दिनांक 09.05.2015 को रबीन्द्र भवन का उद्घाटन एवं गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का भी अनावरण किया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) श्री आर0के0 चोपड़ा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री एस0 सरन, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री वी0के0 सिन्हा, कस्तूरी महला सभा की अध्यक्षा श्रीमती निलांजना देबनाथ, श्रीमती मीता सरण, श्रीमती मंजूषा सिन्हा समेत जेसीसी के सदस्य एवं सीएमओएआई के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

उद्घाटन के पश्चात् सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ए0के0 देबनाथ के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक समूह द्वारा रबीन्द्र संगीत ‘‘प्रथमो आदि तबो सोक्ती’’ प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात् कविगुरू रबीन्द्रनाथ टैगोर के सम्मान में रांची की प्रसिद्ध गायिका श्रीमती रिंकु बनर्जी द्वारा हिन्दी में रबीन्द्र संगीत ‘‘अरी नदिया पागल अपनी वेग में’’ एवं ‘‘तेरी आवाज पे घर कोई न आवे तो फिर चल एकला रे’’ प्रस्तुत की।

समारोह का स्वागत भाषण एवं मंच संचालन श्री विक्रांत गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन श्री टी0के0 मारीक ने किया।

***